राष्ट्रीय खेल दिवस : खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 29 अगस्त, राष्ट्रीय खेल दिवस व मेजर ध्यानचंद जी की 120वीं जयंती की याद में खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के द्वारा में भारत इंटरनेशनल स्कूल तपा रामपुर बाघेलान में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह उपस्थित रहे वहीं अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में रामपुर बाघेलान जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल पांडेय भारत इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन सुनील सोनी मंचासीन रहे। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि मेजर ध्यानचंद जी हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी थे उन्होंने हॉकी के खेल को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया है मेजर ध्यानचंद जी 1928 -1932 और 1936 में भारत को ओलंपिक खेलों में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जहां ध्यानचंद जी को इस खेल में भारत हासिल थी और वह गेंद को अपने नियंत्रण में रखने में इतने निपुण थे कि वह हॉकी जादूगर और द मैजिशियन जैसे नाम से प्रसिद्ध हो गए इसीलिए उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतार कर खेलों के महत्व को जाने साथ ही अपना अपने परिवार और अपने देश का नाम रोशन करने में कोई कसर नहीं छोड़े।साथ ही कहा खेल मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है जो व्यक्ति खेल कूद में रुचि रखता है और अपने जीवन का थोड़ा भी समय खेल विधाओं में देता है तो उसका स्वास्थ्य कभी खराब नहीं हो सकता और वह हमेशा ऊर्जावान बना रहता है इसलिए बच्चों के साथ बड़ों को भी दिन में कम से कम आधा घंटे खेल विधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए साथ ही कहा कि भारत इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा और संस्कार तो दे ही रही है साथ ही यहां आने के बाद उनकी खेल विधाओं पर भी बच्चों की पारंगत्ता देखी जिसमें बच्चों ने अनेकानेक खेल विधाएं प्रदर्शित कर अपनी काबिलियत दिखाई है। इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ज्योति तिवारी और भारत इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन द्वारा किया। आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें कार्यक्रम के पहले दिन फिट इंडिया मूवमेंट के तहत विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई और फुटबॉल व रस्साकशी जैसे खेलों का आयोजन किया गया ।आगे के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ज्योति तिवारी ने बताया कि 29 से 31 अगस्त तक विभिन्न खेलों और गतिविधियां जारी रहेगा।इस अवसर पर भारत इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती पदमा सोनी डायरेक्टर अभिषेक सोनी विद्यालय की प्राचार्या अंकुर कुलकर्णी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मैहर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

मैहर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मैहर पर्यटक सूचना केंद्र भवन में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती रानी बाट?, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिह, एसडीएम श्रीमती दिव्या पटेल, सीएमओ सुषमा मिश्रा, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, नितिन ताम्रकार, सविता शर्मा, अरुण तनय मिश्रा, दीप्ति सिह, अनिकेत पाल, अरुण तिवारी खेल प्रभारी सहित प्रतिभागी खिला?ी तथा खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 29 से 31 अगस्त तक चलने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के कार्यक्रम में आज पहले दिन फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई साथ ही योग का आयोजन किया गया।

पुलिस की तैनाती पर घंटाघर कटरा बाजार में हटाया गया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

मैहर 29 अगस्त, हाल ही में नगर पालिका अतिक्रमण प्रभारी पर हुए हमले की घटना के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। इसी क्रम में आज नगर पालिका कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से मैहर के घंटाघर कटरा बाजार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान नगर पालिका दल ने सड़कों और दुकानों के सामने किए गए अवैध कब्जों को हटाया। जहां कहीं भी सामान दुकानों के बाहर या रास्ते में रखा हुआ मिला उसे जब्त कर ट्रैक्टर में भरकर ले जाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में अफ़रा-तफ़री का माहौल बना रहा। कई दुकानदारों ने विरोध करने का प्रयास भी किया लेकिन प्रशासन की सख्ती के कारण उन्हें पीछे हटना पड़ा। अधिकारियों का कहना है कि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

एसपी ने ली होटल संचालकों की बैठक,दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

मैहर 29 अगस्त, मैहर कोतवाली में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा नगर सीएसपी महेंद्र सिंह थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी की उपस्थिति में सभी होटल लाज धर्मशाला के संचालक एवं मैनेजरों की बैठक ली गई।

बैठक में सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए कि होटल में आने वाले सभी यात्रियों की एंट्री कम से कम दो पहचान पत्र मोबाइल नंबर एवं वाहन की भी एंट्री समस्त दस्तावेज लेकर करने के बाद ही रूम दिया जाए तथा पार्किंग का विशेष ध्यान रखा जाए जिससे यातायात व्यवस्था बाधित ना हो एवं होटल से संबंधित सभी दस्तावेज तैयार रखें नाबालिकों को किसी भी कंडीशन पर कमरा उपलब्ध न कराए जाएं, सीसीटीवी होटल के अंदर एवं बाहर आवश्यक रूप से लगा कर रखे ,रिकॉर्डिंग अधिक समय तक उपलब्ध रहे समय समय पर होटल की पुलिस के द्वारा चेकिंग भी की जाएगी अगर आपके होटल में कोई संदिग्ध व्यक्ति आता है या आपको जानकारी होती है इसकी सूचना तुरंत मैहर पुलिस को दी जाए।

विवि की प्रार्थना सभा में दिए गए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के टिप्स

लक्ष्य के प्रति दृढ़ता के साथ विद्यार्थी को मानसिक रूप से भी तैयार रहना चाहिए, मेजर ध्यान चंद्र सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 29 अगस्त । आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित मासिक प्रार्थना सभा में अनिकेत शांडिल्य, आईएएस, सहायक कलेक्टर सतना ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के प्रभावी टिप्स देते हुए कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति हेतु परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ता के साथ साथ अपने को मानसिक रूप से भी तैयार करें।

श्री शांडिल्य ने आज कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न सम्पन्न मासिक प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए आईएएस परीक्षा में अपनी सफलता के अनुभव साझा करते हुए उक्त आशय के विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रति बढ़ती महत्वाकांक्षा के कारण इस प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वालों को कैपेसिटी बिल्डिंग में ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज एजुकेशन प्रतियोगी परीक्षाओं के उपयुक्त समय है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के ग्राम प्रवास और प्रार्थना सभा आदि कार्यक्रम को सराहा। श्री शांडिल्य ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की सलाह दी। इस मौके पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने ग्रामोदय संकल्पना और कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रोदय के गौरवपूर्ण लक्ष्य को लेकर ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपनी गतिविधियों को संचालित कर रहा है।

उन्होंने विद्यार्थियों का आव्हान किया है कि अपनी दिनचर्या में पानी बचाने, प्लास्टिक घटाने, पेड़ लगाने, स्वच्छता बढ़ाने और स्वदेशी अपनाने का संकल्प ले। प्रार्थना सभा का प्रारंभ कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और मुख्य अतिथि अनिकेत शांडिल्य आईएएस द्वारा विद्यादायिनी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। विद्यार्थियों ने ? का उच्चारण और कुलगीत प्रस्तुत किया।

निवेदिता वर्मा ने भगवत गीता के श्लोक भावार्थ का वाचन किया। अंकिता ने मेजर ध्यान चंद्र के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। शुभम ठाकुर ने एकल गायन और विद्यार्थी समूह ने गायन प्रस्तुत किया। उपकुलसचिव अकादमी डॉ साधना चौरसिया ने प्रगति प्रतिवेदन पढ़ा। रघुपति राघव राजा राम का सामूहिक भजन हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव, अधिष्ठाता, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

युवक और पौढ़ लापता

नवभारत न्यूज

कोटर 29 अगस्त, क्षेत्र के 2 लोग लापता हैं। जिसकी सूचना संबंधित थानों में दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के इटौर ग्राम पंचायत के मैनपुरा निवासी धमेंद्र सिंह उर्म 46 वर्ष कल से लापता है जिसकी सूचना कोटर थाना में दर्ज कराई गई है जिस किसी भी सज्जन को दिखे तो इस नंबर में सम्पर्क कर सुचित करें 6260179476। इसी प्रकार ग्राम बिहरा आदिवासी बस्ती डोगरी निवासी अच्छेलाल आदिवासी का लड़का जिसका नाम शीतल आदिवासी उम्र लगभग 20 वर्ष सतना जगतदेव तालाब से 10 जनवरी 2025 को गुम गया है। जिसकी रिपोर्ट सिटी कोतवाली सतना में दर्ज की गई है। लेकिन अभी तक गुमशुदा बालक का कोई पता नहीं चल पाया है जिससे उसके पिता बेहद परेशान है बेबस पिता ने प्रशासन से बालक को ढूंढने में मदद करने की अपील है।

कोटर बस स्टैंड में गणपति बप्पा की धूम

नवभारत न्यूज

कोटर 29 अगस्त, बस स्टैंड कोटर में गणपति बप्पा की मनमोहक झांकी बिराजी गई हैं. श्री लक्ष्मीनारायण गणेश उत्सव समिति द्वारा लगातार पांच साल से श्री गजानन महाराज गणपति बप्पा मोरया की मनमोहक झांकी सजाई जाती है।

जहां हजारों की संख्या में भक्त भजन कीर्तन और पूजा अर्चना उपरांत गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हैं। समिति के कार्यकर्ता अजय गौतम, रोहित सोनी, कृष्णा प्रताप सिंह छोटू, प्रकाश विश्वकर्मा, केतन अग्रवाल, चक्रधर सिंह, शिवम त्रिपाठी, पिंटू सिंह, विकास उरमालिया, विपिन अग्निहोत्री, गुड्डा सिंह, संजय, सोनू, आशीष, महेश, हिमांशु, शंकर, छोटू, रवि, जितेंद्र आदि लोग गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए भक्ति भाव में मगन रहते हैं।

कायस्थ समाज आयोजित करेगा चित्रांश युवा महोत्सव

नवभारत न्यूज

सतना 29 अगस्त, समाज के बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर बूटीबाई स्कूल के प्रांगण में कायस्थ समाज द्वारा चित्रांश युवा महोत्सव का आयोजन 26 अक्टूबर 2025 को किया जा रहा है। जिसमें नृत्य एवं गायन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

संयोजक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में जिले भर से कायस्थ समाज के लोग शिरकत करेंगे। आनन्द कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दीपक निगम ने आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार की योजना से अवगत कराया।

निकाली जाएगी वाहन रैली- युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी आलोक खरे के मार्गदर्शन एवं युवा अध्यक्ष राज श्रीवास्तव के निर्देशन में सुयश निगम्, सुधीर निगम, हिमांशु श्रीवास्तव, स्नेहिल श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्तव, कान्हा श्रीवास्तव, अंकित खरे, दीपांकर खरे, सुमित श्रीवास्तव की अगुवाई में वाहन रैली निकाली जाएगी। वाहन रैली जगतदेव तालाब स्थित श्री चित्रगुप्त मन्दिर से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बूटीबाई प्रांगण पहुँचेगी। संस्था के संरक्षक रावेन्द्र बब्लू श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव, जय श्रीवास्तव, जीतेन्द्र कुमार, विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव,सुभाष श्रीवास्तव, अनुपम खरे सतीश निगम, राजीव अर्गल, पवन श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है

राष्ट्रीय खेल दिवस पर कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 29 अगस्त, मैहर जिले के विकासखंड अमरपाटन में दिनांक 29/08/2025 को समय 7.30 से 10.00 तक स्थान बाल भारती पब्लिक स्कूल अमरपाटन में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन अनुसार तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के मार्गदर्शन में हमारे देश के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन है और उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया.

जिसमे कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें बालक एवं बालिकाओं सभी ने भाग लिया जिसमें विकासखंड अमरपाटन की कई टीमों ने भाग लिया जिसमें संदीपनि विद्यालय पीएम श्री कन्या विद्यालय गुरुकुल विद्यालय बल भारती विद्यालय माइंड्सआई इंटरनेशनल स्कूल हाई स्कूल एवं कई ग्राम पंचायत के खिलाड़ी शामिल हुए जिसका आयोजन विकासखंड समन्वयक खेल एवं युवक कल्याण विभाग अमरपाटन द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर के ड्डद्धश्च के मण्डल अध्यक्ष श्री सुयश चतुर्वेदी,संतोष तिवारी पार्षद ,थाना प्रभारी अमरपाटन विजय सिंह परस्ते,खेल युवक कल्याण विभाग समन्वयक पूनम पटेल, प्रतियोगिता के निर्णायक श्री नारेन्द्र सोनी विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी पीएम श्री कन्या विद्यालय पीटीआई वा विपिन सोनी ,आकाश बंसल, विद्यासागर प्रजापति तथा बाल भारती पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष श्री अशोक सिंहजी,सचिव श्री मनोज कुमार गुप्ता ,प्राचार्य श्री मनोज कुमार द्विवेदी, तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं इस कार्यक्रम के आयोजन में उपस्थित हुए मुख्य अतिथि के द्वारा स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया एवं खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गई इसके बाद फिट इंडिया के बारे में फिट रहने के लिए अतिथि द्वारा जानकारी दी गई इसके बाद कबड्डी के मैच करवाए गए एवं अतिथियों को मोमेंटो खिलाड़ियों को मेडल से सम्मानित किया गया

रीवा जिले में जुड़ने 6 ग्राम के लोगों ने बारादरी में कल बुलाई बैठक

नवभारत न्यूज

मुकुन्दपुर 29 अगस्त, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 ग्राम पंचायतों के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा ग्राम पंचायत मुकुंदपुर सहित ग्राम पंचायत परसिया, आमिन ,धोबहट, आनंदगढ़, पपरा को मैहर जिले से काटकर रीवा जिले में जोड़ने के लिए मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन आयोग द्वारा की जा रही कार्यवाही के विरुद्ध अमरपाटन मैहर एवं सतना के सभी दल के नेताओं द्वारा मैहर से अलग ना होने देने एवं रीवा में जोड़ने का जोरदार विरोध कर रहे हैं । इसलिए सभी 6 ग्राम पंचायत की जनता द्वारा सिर्फ एक बिंदु लेकर मैहर से काटकर रीवा में जोड़ा जाए को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन/आंदोलन किए जाने हेतु तैयारी बैठक दिनांक-31/8/25 दिन- रविवार को समय- 2:00 बजे दोपहर स्थान- भगवान श्री जगन्नाथ जी स्वामी मंदिर बारादरी(इंदारा/ कुआं के पास) आयोजित की गई है ।

रीवा से जुड़ने के इच्छुक उक्त सभी ग्राम पंचायत की जनता जनार्दन एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंहुचने के लिए लोगों को सुझाव दिये जाने हेतु बैठक रखी गई है ।बताया जा रहा है कि यदि उक्त सभी पंचायतों को रीवा में नहीं जोड़ा जाता तो प्रशासन के विरूद्ध धरना प्रदर्शन आमरण अनशन किया जायेगा ।साथ ही रीवा 14 किलोमीटर और मैहर 90 के अंतर और आवागवन की असुविधा को लेकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जायेगा ।और रीवा में जोड़ें जाने के विरोध में जो जनप्रतिनिधि विरोध कर रहें हैं उनको कड़ा से कड़ा जवाब दिया जाएगा।

27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव पारित होने का किया स्वागत

रामपुर बाघेलान 29 अगस्त, भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने जारी बयान में कहा की मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने सर्वदलीय बैठक गुरुवार को बुलाई गई बैठक में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव पारित होना सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में प्रदेश सरकार का ऐतिहासिक कदम है। भाजपा सदैव समाज के हर वर्ग के उत्थान और अधिकारो की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि सरकार सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की भावना से समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्तियो के हित मे सरकार काम कर रही है।

अतिक्रमण और जाम के खिलाफ नगर वासियों ने खोला मोर्चा

- प्रशासन के फूले हाथ पैर, समाजसेवियों के आगे आने के बाद बना समन्वय, निकाला दूसरा रास्ता

नवभारत न्यूज

कोठी 29 अगस्त, तीन दिनों पूर्व नगर वासियों द्वारा सीएमओ को ज्ञापन सौंप कर अतिक्रमण की गंभीर समस्या से निजात दिलाए जाने का अनुरोध किया गया था इसके बाद नगर परिषद द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही इस समस्या का निदान निकाला जाएगा।

सीएमओ ने अतिक्रमण को लेकर एलाउंसमेंट भी कराया था इसके बाद नगर वासी जाग गए और जब देखा कि जिम्मेदार सिर्फ खानापूर्ति कर कोरम पूरा कर रहे हैं और समस्या निपटाए जाने में कोई रुचि नहीं ले रहे एवं बस गरीबों को परेशान करते हैं तब बढ़ती गंभीर समस्या को देखते हुए नगर वासियों ने ही मोर्चा खोल दिया जिसका स्थानीय एवं क्षेत्रीय समाजसेवियों एवं आमजन सहित स्थानीय पत्रकारों ने भी साथ दिया इसके बाद कोठी में आज करीब 2 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा दरअसल मामला यह है कि बीते 5 वर्ष पहले ही कोठी में बस स्टैंड परिसर से लेकर बाजार जाने की तरफ पोस्ट ऑफिस तक टू लाइन सड़क बनाई गई थी जिससे की भीड़ का दबाव कम रहे और आवागमन सुचारू रूप से चल सके क्योंकि बस स्टैंड परिसर के ही आसपास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,पोस्ट ऑफिस बैंक एवं कियोस्क सेंटर ,खेल का मैदान व अन्य विभाग भी हैं जिसकी वजह से ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है परंतु इस समस्या से निजात मिलना तो दूर बस स्टैंड की एक लाइन में परमानेंट घोषित सब्जी मंडी बना दी गई और वहां पर सभी सब्जी वाले ठेले वाले गोमती लगाकर अपना कब्जा किए हुए हैं और नगर परिषद पैसा वसूलती हैं जिसकी वजह से पूरी तरह एक लाइन की सड़क पर आवागवन बंद है और दूसरे लाइन पर भी अतिक्रमण है जिससे स्थानीय लोगों एवं आम जनों को आने-जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है दूसरे लाइन में तो पैदल चलना भी मुश्किल है सदैव कुछ ना कुछ घटनाएं होती ही रहती हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में भी एंबुलेंस को काफी दिक्कत होती है जिसकी वजह से आज नगर वासियों ने मोर्चा खोल दिया और नगर के कुछ लोग इकट्ठा होकर बस स्टैंड परिसर पर निकलने वाले यात्रियों से अनुरोध करने लगे कि आप इस सड़क का उपयोग नियम से करें आने वाली लाइन में आए और जाने वाली लाइन में से जाएं इसके बाद कुछ लोगों ने आक्रोश भी दिखाया परंतु लोगों ने एक नहीं मानी जिस प्रकार से जो लोग मानते थे उसे उसी प्रकार से लोगों को मनाया जाता था सभी से हाथ जोड़कर इस काम में सहयोग भी मांगा जाता था एक घंटा गुजर जाने के बाद प्रशासन जागा और उसके हाथ पैर फूल गए जब लोगों ने प्रशासन से प्रश्न पूछा कि यह सड़क किस लिए बनाई गई है हम मोटर मालिक हैं हमारे वाहन चलते हैं हमारे चलने के लिए सड़क नहीं है हमको सड़क चाहिए तब सभी के हाथ पैर फूल गए क्योंकि जिम्मेदारों की नाकामी को देखते हुए नगर वासियों के सहयोग में समाजसेवी सहित स्थानीय पत्रकार एवं आमजन भी थे कि नगर वासियों वा आम जनों का कहना सही है और जवाब देने से कतरने लगे सभी एक दूसरे की जिम्मेदारी बताने लगे थाना प्रभारी ने कहा कि हमारा काम नहीं है प्रशासन जाने.

किंडरगार्टन में बिराजे गणपति

नवभारत न्यूज

नागौद 29 अगस्त, किंडरगार्टन प्ले स्कूल नागौद में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिसमें छात्र छात्राओं को मिट्टी की गणेश प्रतिमा निर्माण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

इस कार्यशाला में छात्र छात्राओं को बताया गया कि हमें मिट्टी के ही गणेश प्रतिमा का निर्माण क्यों करना चाहिए। हमे यूको फ्रेंडली ,पर्यावरण के अनुकूल,शास्त्र सम्मत गणेश जी की प्रतिमा का निर्माण का उनका पूजन करना चाहिए।गणेश जी का हर अंग एक संदेश देता है। हमे विषम परिस्थितियों में कैसे कार्य करना है , परिवार में कैसे रहना है, एक विद्यार्थी को सफलता कैसे मिलेगी यह सब श्रीगणेश जी से प्रेरणा लेकर सीखा जा सकता है।

विद्यालय में छात्र छात्राओं के सहयोग से श्रीगणेश जी की स्थापना की गई है। सभी छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिदिन गणेश जी का पूजन आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाता है,विद्यालय के शिक्षक भी छात्र छात्राओं का सहयोग करते है।

मन की बात कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हुई संगठनात्मक बैठक

नवभारत न्यूज

मझगवां 29 अगस्त, चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के श्याम वर्ण पैलेस, मझगवां में आज भाजपा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना था।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय उपस्थित हुए। उन्होंने चर्चा की कि किस प्रकार कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुँचाकर अधिक से अधिक नागरिकों को इससे जोड़ा जाए। इस अवसर पर एक सुविचारित कार्ययोजना बनाई गई तथा जिम्मेदारियों का स्पष्ट वितरण कर आगे की कार्यप्रणाली सुनिश्चित की गई, जिससे 'मन की बात' के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक सशक्त रूप से पहुंचाया जा सके। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह , जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं मन की बात के जिला प्रभारी अशोक गुप्ता , पूर्व जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा , सह प्रभारी जिला मंत्री शुभम तिवारी एवं रवीन्द्र सिंह गौ? , नगर परिषद चित्रकूट की अध्यक्ष श्रीमती साधना पटेल , मण्डल प्रभारी मझगवां कार्तिकेय द्विवेदी , मण्डल अध्यक्ष मझगवां रमेश सिंह धुर्वे , मण्डल प्रभारी चित्रकूट पुष्पेन्द्र सिंह मण्डल प्रभारी बरौधा राजेन्द्र उपाध्याय , मण्डल अध्यक्ष चित्रकूट विनीता शिवहरे , मंडल अध्यक्ष बरौंधा श्रीकांत यादव , मण्डल अध्यक्ष बिरसिंहपुर प्रमोद द्विवेदी , मण्डल अध्यक्ष जैतवारा मनीष त्रिपाठी , पूर्व जिला कोषाध्यक्ष राम अवतार दद्दा , जिला कार्य समिति सदस्य अभय प्रताप सिंह , युवा मोर्चा अध्यक्ष सालिग जायसवाल ,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जायसवाल बिरेंद्र गुप्ता , राहुल उपाध्याय महामंत्री निखिल गौतम , कोषाध्यक्ष अश्विनी पांडेय , कार्यालय मंत्री धर्मराज प्रजापति , आई टी सेल प्रभारी संजय यादव हाकिम सिंह शक्ति केंद्र के संयोजक गण एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक का आयोजन मझगवाँ मंडल द्वारा किया गया था, मझगवां मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा आये हुए सभी मण्डल के अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें सभी ने मिलकर मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एकजुटता दिखाई।